AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में प्रवेश के लिए अब 15 जून तक आवेदन

आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त होने से पहले विश्वविद्यालय ने बढ़ाई तारीख

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को प्रवेश के लिए आवेदन तिथि बढ़ा दी। अब विद्यार्थी विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के लिए 15 जून तक आवेदन कर सकेंगे। अभी तक यह तिथि 30 जून निर्धारित थी, जो मंगलवार को समाप्त हो रही थी।

विद्यार्थियों को दाखिले के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं को मौका देते हुए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। कुलसचिव संजय मेधावी ने पत्र जारी करते हुए कहा कि स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए नई शिक्षा नीति (एईपी) के अंतर्गत बीए, बीएससी गणित, बीएससी बायोलॉजी, बीकॉम ऑनर्स, शास्त्री, एलएलबी पांच वर्ष, बीवीए, बीएफए, बीए, बीएससी योगा, बीवोक एवं बीएससी एग्रीकल्चर, बीएजेएमसी, बीएलएड और डीफार्मा कोर्स में आवेदन के लिए यह तिथि बढ़ाई गई है।

आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के एलयूआरएन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। इसका शुल्क 100 रुपये है। बिना रजिस्ट्रेशन किए अभ्यर्थी आवेदन फॉर्म नहीं भर सकेंगे। स्नातक में आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर आवेदन कर सकेंगे।

लविवि के विभिन्न विभागों में स्नातक की चार हजार से अधिक सीटें हैं जिन पर आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लिया जाएगा। परास्नातक कोर्सों में दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून है।

विश्वविद्यालय ने जारी किया प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी करते हुए कहा कि विद्यार्थी विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम की सूची देख सकते हैं। यदि किसी को इस संबंध में कोई परामर्श या सुझाव देना है तो वह तीन कार्य दिवसों में परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दे सकता है। (संवाद)

शिया कॉलेज में भी 30 जून तक बढ़ी प्रवेश की आवेदन तिथि

डालीगंज स्थित शिया पीजी कॉलेज ने भी आवेदन के लिए अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। महाविद्यालय के प्रवेश निदेशक डॉ. एमएम अबु तैय्यब ने बताया कि स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी बायो, बीएससी गणित और बीकॉम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ाई गई है। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट www.shiapgcollege.ac.in पर देख सकते हैं।

नेशनल पीजी : बीकॉम ऑनर्स के नतीजे जारी

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज ने सोमवार को बीकॉम ऑनर्स के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट www.npgc.in पर रिजल्ट देख सकते हैं। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में 24 मई को सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं संपन्न कराई जा चुकी हैं। अन्य पाठ्यक्रमों के नतीजे भी जल्द जारी किए जाएंगे। (संवाद)

'सृजन' में दिखीं छात्रों की कलाकृतियां

लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय में ललित कला संकाय की ओर से सोमवार को कला प्रदर्शनी सृजन का आयोजन किया गया। उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। प्रदर्शनी में एमवीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपनी बनाई 100 से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित कीं। प्राचार्य प्रो. रतन कुमार, डॉ. अनीता कनौजिया, डॉ. पूनम, डॉ. ज्वायदीप, गीतिका शुक्ला, सुगंधा, रीतिका, महेश विश्वकर्मा उपस्थित रहे। (संवाद)

प्रो. मधुरिमा परिवाद समिति की अध्यक्ष

लखनऊ। लविवि की अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. मधुरिमा लाल को स्थानीय परिवाद समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साधना कोरी, मंजरी उपाध्याय, आलिमा जैदी, निमिषा तिवारी को सदस्य और जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह पदेन सदस्य बनाई गई हैं। (संवाद)

लविवि : तीन शिक्षक एक साथ सेवानिवृत्त

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं पाश्चात्य भाषा विभाग में सोमवार को एक साथ तीन शिक्षक सेवानिवृत्त हो गए। प्रो. मीनाक्षी पाहवा, प्रो. वीपी सिंह और प्रो. एके लाल को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई इन शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने की वजह से विभाग में अब 21 पदों पर केवल 15 शिक्षक बचे हैं। अगले साल तीन और शिक्षकों को सेवानिवृत्त होना है। (माई सिटी रिपोर्टर)

शोध मेधा के चयनितों को दिए प्रमाणपत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को शोध मेधा छात्रवृत्ति के तहत चयनित उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुई सभी महिला शोधार्थियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंथल हॉल में प्रमाण पत्र वितरित किए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि महिला शोधार्थियों को तीन वर्ष तक पांच हजार रुपये की सहायता दी जाती है। छात्रवृत्ति पाने वालों में निधि सिंह, राधा यादव, प्रज्ञा मिश्रा, आकांक्षा यादव, देवयानी श्रीवास्तव, तहसीन, शिखा रावत, नेहा लोधी, शिखा सिंह व प्रिया शामिल हैं। (संवाद)

कैडेट्स को शस्त्र संचालन का प्रशिक्षण

लखनऊ। लविवि की 63 यूपी बटालियन के 496 कैडेटों का दस दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को रुचिखंड स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में पूरा हो गया। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण में कैडेट्स को शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट व मैप रीडिंग सिखाया गया। बालक-बालिकाओं ने कर्नल पीपी किशोर के मार्गदर्शन में फायरिंग के गुर भी सीखें। कर्नल पीपी किशोर ने कहा कि प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को आत्मविश्वास विकसित करने में प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस दौरान कैप्टन किरण लता डंगवाल, कैप्टन परवेज, लेफ्टिनेंट ममता वर्मा, हिकांत सिंह, कपिल कुमार, अरविंद यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में अब 15 जून तक दाखिले के लिए आवेदन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 में स्नातक व स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए आवेदन की अंतिम तारीख को बढ़ा दिया गया है। अब अभ्यर्थी 15 जून तक कोर्सों में आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में कुलसचिव संजय मेधावी द्वारा आदेश जारी किया गया है। कुलसचिव ने बताया कि एलयू में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

स्नातक पाठ्यक्रमों में एनईपी के तहत बीए, बीएससी मैथ्स, बीएससी बॉयोलॉजी और बीकॉम में प्रवेश लिए जा रहे हैं। जबकि बीकॉम आनर्स, शास्त्री, एलएलबी इंटीग्रेटेड पंचवर्षीय,

बीवीए या बीएफए, बीए या बीएससी (योग), बी.वोक रिन्यूबल एनर्जी और कॉलेजों में बीएससी एग्रीकल्चर, बीजेएमसी, बीएलएड और डीफॉर्मा के प्रवेश फॉर्म के आवेदन की अंतिम तारीख 15 जून तक बढा दी गई है। इससे पहले यह तारीख 31 मई थी।

वहीं शिया पीजी कॉलेज में आवेदन की तारीख 30 जून तक बढा दी है।

बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालय में स्नातक छठे समेस्टर की संभावित परीक्षा तिथि जारी कर दी गई है। विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट पर जाकर जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। बीए छठे सेमेस्टर (स्टेटिक्स, मैथ्समेटिक्स और एंथ्रोपॉलोजी को छोड़कर) के पेपर्स की डेट भी घोषित कर दी गई है। 20 जून से पेपर शुरू होकर 24 जुलाई तक चलेंगे।

एलयू: 'सृजन' 100 से भी ज्यादा कलाकृतियों से सजा

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के ललित कला संकाय के मास्टर इन विजुअल आर्ट्स (एमवीए) प्रथम वर्ष के छात्र ऋषभ गौतम ने वेस्ट टाइल्स का इस्तेमाल कर एक पोट्रेट तैयार किया है। यह पोट्रेट भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का है। जिसे स्टोन मोजेक आर्ट के आधार पर स्टोन की जगह टाइल्स का यूज कर बनाया गया है। छात्र ऋषभ ने बताया कि पोट्रेट का साइज दो फीट लंबा और तीन फीट चौड़ा है। इसे लगभग पच्चीस दिनों में बनाकर तैयार किया है।

ऋषभ गौतम ने बताया कि वेस्ट टाइल्स को इकट्ठा करने में तकरीबन दस दिन लगे। इसके लिए शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाना पड़ा। छात्र के अनुसार पोट्रेट को पांच फीट लंबा और छह फीट चौडा करने का इरादा है। जिससे इसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भेज सकें।

सोमवार को ललित कला संकाय परिसर में आयोजित सामूहिक कला प्रदर्शनी 'सृजन' में ऋषभ ने अपनी इस पोट्रेट को प्रदर्शित किया था। यहां



ऋषभ गौतम ने वेस्ट टाइल्स से डॉ. कलाम का पोट्रेट बनाया।

एमवीए प्रथम वर्ष के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने अपनी सौ से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित की। इसमें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल हो चुकी छात्र विनय सिंह की बाटिक कला में अटल बिहारी बाजपेई का पोट्रेट, प्रदर्शित की गई। एमवीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी बर्नवाल की टेराकोटा आर्ट में बनी बच्चे की मासूमियत की मूर्ति ने भी प्रदर्शनी में जान डाल दी।

अभद्र व्यवहार का आरोप: ललित कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ. रतन कुमार पर उन्हीं के संकाय सदस्य डॉ. संजीव किशोर गौतम ने अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। लिखित शिकायत कुलपति से की है।

मेधा: 10 छात्रों का छात्रवृत्ति में चयन

लखनऊ। एलयू में शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए दस शोधार्थियों को पात्र पाया गया है। इन्हें सोमवार को मंथन कक्ष में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा सम्मानित किया गया।

एलयू में वर्ष 2021 से शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरूआत हुई। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर मेधावियों को शोध कार्य करने तक प्रतिमाह पांच हजार रूपये दिए जाते हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इस साल 135 छात्रों द्वारा शोध मेधा के लिए आवेदन किया गया था। जिसमें 25 छात्रों को साक्षात्कार के लिए शार्टलिस्ट किया गया। इसमें 22 इंटरव्यू में उपस्थित हुए। प्रो. पूनम टंडन के अनुसार दस छात्रों को साक्षात्कार प्रदर्शन के आधार पर चुना गया।

JAGRAN CITY PAGE III

लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी ला की कोर्स वर्क परीक्षाएं कल से

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डीन प्रोफेसर बीडी सिंह ने सत्र 2022-23 के पीएचडी ला कोर्स वर्क की कक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया। ये कक्षाएं 31 मई से दोपहर एक से दो बजे तक द्वितीय परिसर स्थित संकाय के कमरा नंबर एलटी-1 में आयोजित की जाएंगी। सभी विद्यार्थियों से उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

बीकाम आनर्स के परिणाम जारी : नेशनल पीजी कालेज ने बीकाम आनर्स छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिए। छात्र-छात्राएं कालेज की वेबसाइट www.npgc.in पर इसे देख सकते हैं। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही बीबीए एमएस का परिणाम भी आने वाला है।

केमिस्ट्री विभाग में हुआ व्याख्यान : लखनऊ विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग ने पूर्व छात्रों की व्याख्यान शृंखला के तहत सोमवार को पर्यावरण विश्लेषण के लिए संदर्भ सामग्री का उपयोग करने के लिए तकनीकी सुझाव विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें एमएससी रसायन विज्ञान के 1977 बैच के पूर्व छात्र एवं सीएसआइआर के सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. राकेश कुमार ने विस्तार से चर्चा की।

परीक्षा की तिथि बदलने की मांग: कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) 21 मई से छह जून व उत्तर प्रदेश कंबाइंड एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलाजी एंट्रेंस टेस्ट (यूपी कैटेट) 30 और 31 मई को है। यह परीक्षा सीयूईटी से टकरा रही है। एक तिथि पर दोनों परीक्षाएं होने से परीक्षार्थियों की मुश्किल खड़ी हो गई है। उन्होंने यूपी कैटेट का आयोजन छह जून के बाद कराने की मांग की है।

मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर संगोष्ठी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ पश्चिम की ओर से सोमवार को नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर संगोष्ठी व सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। एबीवीपी की महानगर अध्यक्ष प्रो मंजुला उपाध्याय, पीजीआइ की डा. सजिया अब्बास, केजीएमयू की रिसर्च असिस्टेंट एकता दीक्षित, नारी शिक्षा निकेतन कालेज की प्राचार्य प्रो. सपना उपस्थित रहीं।

लवि : अब स्नातक के आवेदन 15 तक

स्नातक एवं स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन का एक और मौका

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन का एक और मौका दिया है। अभ्यर्थी बीए एनईपी, बीएससी मैथ्स, बीएससी बायो, बीकाम, बीकाम आनर्स, शास्त्री, एलएलबी पांच वर्षीय, बीवीए, बीएफए, बीए, बीएससी योग, बीवाक रिनेवेबल एनर्जी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएजेएमसी एवं बीएलएड (सिर्फ कालेजों के लिए) तथा डीफार्मा में 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। कुलसचिव संजय मेधावी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

प्रवेश परीक्षा की तिथि आगे बढ़ेगी : लविवि ने स्नातक में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि 15 से 25 जून तक निर्धारित की थी। अब इसमें भी बदलाव किया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही नई तिथि जारी की जाएगी।

विवांत हिन्दू पीजी कालेज : बीए में 670, बीकाम रेगुलर में 320 व सेल्फ फाइनेंस में 120 सीटों पर आवेदन एवं प्रवेश लेने की तिथि 30 मई से बढ़ाकर 20 जून कर दी गई है। प्राचार्य प्रोफेसर धर्म कौर ने बताया कि आफलाइन माध्यम से प्रवेश लेने वालों को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से फीस जमा करनी होगी। बीए में प्रवेश के समय 4370 रुपये (दो सेमेस्टर) और बीकाम में 5370 रुपये (दो सेमेस्टर) फीस जमा होगी।

सुभाष में 15, महिला कालेज में 30 जून तक आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने भले ही अपने यहां स्नातक में आवेदन की तिथि 31 मई तय रखी है, लेकिन सम्बद्ध राजकीय एवं एडेड कालेजों ने तिथि बढ़ा दी है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कालेज ने 15 जून तक आवेदन का मौका दे दिया है। प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी ने बताया कि बीए में 600, बीकाम में 120 एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर में 100 सीटों पर दाखिले प्रवेश परीक्षा से लिए जाएंगे। आवेदन nscbonline.in के माध्यम से भरे जा सकेंगे। इसके अलावा एमए समाजशास्त्र अर्थशास्त्र गृह विज्ञान एवं प्राचीन भारतीय इतिहास विषय में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

लवि : 10 छात्राओं को मिली शोध मेधा छात्रवृति

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए शोध मेधा छात्रवृत्ति के परिणाम जारी कर दिए। इसमें 10 महिला शोधार्थियों का चयन किया गया। इन सभी को पांच हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के मंथन हाल में चयनित शोधार्थियों को छात्रवृत्ति का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि शोध मेधा छात्रवृत्ति के लिए इस वर्ष 135 छात्राओं ने आवेदन किया था। स्क्रीनिंग के बाद विश्वविद्यालय ने निर्धारित शोध मेधा छात्रवृत्ति के निर्देशों के अनुसार 25 उम्मीदवारों को शार्टलिस्ट किया। 27 मई को उनका साक्षात्कार हुआ, जिसमें 22 उम्मीदवार शामिल हुईं। इनमें से 10 छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया। भौतिक विज्ञान से निधि सिंह, संस्कृत से राधा यादव, सांख्यिकी विभाग से प्रज्ञा मिश्रा, अर्थशास्त्र से आकांक्षा यादव, रसायन विज्ञान से देवयानी श्रीवास्तव, उर्दू से तहसीन, गणित से शिखा रावत, संस्कृत से नेहा लोधी, अंग्रेजी से शिखा सिंह, और प्रिया भौतिकी विभाग से हैं।

महिला पीजी कालेज

महिला पीजी कालेज में सोमवार को दोपहर तीन बजे प्रवेश समिति की बैठक हुई, जिसमें स्नातक में आवेदन एवं प्रवेश लेने की तिथि 30 जून तक बढ़ाने पर निर्णय लिया गया है। प्राचार्या निशा गुप्ता ने बताया कि बीए में 900, बीएससी के सभी ग्रुप को मिलाकर 480 और बीकाम में 160 सीटें हैं। सुबह 10 बजे से शाम

पांच बजे तक अभ्यर्थी आवेदन करके प्रवेश ले सकती हैं।

सुन सुन जी गर्ल्स पीजी कालेज : प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया ने बताया कि बीए में 385 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। 30 जून तक मौका दिया गया है। नए सत्र से बीकाम में प्रवेश जल्द शुरू होंगे।

PIONEER PAGE 3

दस छात्राओं को मिला शोध मेधा छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने सोमवार को विवि के मंथन हाल में दस शोधार्थियों को सम्मानित किया। शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरुआत लविवि के कुलपति द्वारा वर्ष 2021 में की गई। यह अपनी स्थापना के समय से ही लड़कियों के शोधार्थियों के बीच एक प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति बन गई है। शोधमेधा के तहत उन महिला शोध छात्रों को 5000 रुपये प्रति माह की छात्रवृत्ति दी जाती है, जिन्हें किसी अन्य स्रोत से वित्तीय सहायता या छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। छात्रवृत्ति के लिए इस वर्ष 135 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनकी स्क्रीनिंग के बाद 25 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। 27 मई को आयोजित साक्षात्कार के लिए 22 उम्मीदवार भौतिक रूप से उपस्थित हुए। 10 छात्रों को उनके साक्षात्कार प्रदर्शन के आधार पर छात्रवृत्ति के लिए चुना गया। चयनित छात्राओं के नाम भौतिकी से निधि सिंह, संस्कृत से राधा यादव, सॉख्यिकी से प्रज्ञा मिश्रा, अर्थशास्त्र से आकांक्षा यादव, रसायन विज्ञान से देवयानी श्रीवास्तव, उर्दू से तहसीन, गणित से शिखा रावत, संस्कृत से नेहा लोधी, अंग्रेजी से शिखा सिंह और प्रिया भौतिकी विभाग से हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने कहा कि इस छात्रवृति का उद्देश्य आर्थिक रूप से अक्षम महिला शोधार्थियों को उनके शैक्षणिक खर्चों को पूरा करने और बिना किसी बाधा के अपने शोध को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह जरूरतमंद छात्रों को उनकी वित्तीय समस्याओं को दूर करने और उनकी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है।

63 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

63 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ विश्वविद्यालय ने 20 मई से 29 मई 2023 तक सेंट जोसेफ स्कूल,

रूचि खंड में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में सीनियर और जूनियर डिवीजनों के बालक और बालिकाये दोनों कैडेटों सहित कुल 496 कैडेटों ने भाग लिया। 10 दिवसीय शिविर के दौरान कैडेटों को एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया, जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग शामिल थे। प्रशासनिक अधिकारी कर्नल पीपी किशोर के मार्गदर्शन में फायरिंग भी की गई।

परिवाद निवारण समिति की अध्यक्ष बनी प्रो. मधुरिमा लाल

लखनऊ विवि की प्रोफेसर मधुरिमा लाल को आज भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रख्यापित महिला का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, निवारण, प्रतिशोध और परितोष के अंतर्गत सृजित एवं निदेशालय महिला उत्तर प्रदेश के स्तर पर निर्मित स्थानीय परिवाद समिति में परिवाद निवारण हेतु गठित समिति के अध्यक्ष पद पर जिला अधिकारी द्वारा चयन किया गया है। इस 6 सदस्य समिति की अध्यक्षता प्रोफेसर मधुरिमा लाल करेगी तथा इस समिति के सदस्यों में साधना कोरी, मुख्य कोषाधिकारी कलेक्ट्रेट लखनऊ, मंजरी उपाध्याय अध्यक्ष जिजीविषा सोसाइटी लखनऊ, एलिना ज़ैदी परामर्शदाता एसोसिएशन फॉर एडवोकेसी एंड लीगल इनिशिएटिव, निमिशा तिवारी मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता एवं सामाजिक सुरक्षा प्रशिक्षक, महिला एवं बल अधिकारी एवं विकास से जिला प्रोबेशन अधिकारी लखनऊ हैं।

सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का आयोजन

सोमवार को ललित कला संकाय लखनऊ विवि में एमवीए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा एक सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का आयोजन किया गया। उद्घाटन कुलपति ने किया। महाविद्यालय के संकायाध्यक्ष व प्रधानाचार्य डॉ रतन कुमार ने कुलपति को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। आलोक कुमार, असिस्टेन्ट प्रोफेसर ने कुलपति से महाविद्यालय व प्रदर्शनी से जुड़ी जानकारियां साझा की। कुलपति ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गयी कलाकृतियों को ध्यानपूर्वक देखा और उन्हें सराहा। प्रदर्शनी में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने अपनी 100 से अधिक कलाकृतियां को प्रदर्शित किया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय में बढ़ी आवेदन की तिथि

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 में स्नातक व स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 15 जून तक कोर्सों में आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में कुलसचिव संजय मेधावी ने आदेश भी जारी कर दिया है।

कुलसचिव ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। स्नातक पाठ्यक्रमों में एनईपी के तहत बीए, बीएससी मैथ्स, बीएससी बॉयोलॉजी और बीकॉम में प्रवेश लिए जा रहे हैं। जबकि बीकॉम आनर्स, शास्त्री, एलएलबी पंचवर्षीय, बीवीए या बीएफए, बीए या बीएससी (योग), बी.वोद, रिन्यूबल एनर्जी और कॉलेजों में बीएससी एग्रीकल्चर, बीजेएमसी, बीएलएड और डीफॉर्मा के प्रवेश फॉर्म के आवेदन की अंतिम तारीख 15 जून तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले यह तारीख 31 मई थी। वहीं विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव बताया कि 15 दिन आवेदन की तिथि बढ़ने से अब छूटे हुए छात्रों को आवेदन मौका मिल सकेगा।

'सृजन' में सबको भाया अटल का पोर्ट्रेट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय (आर्ट्स कालेज) में सोमवार को एमवीए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का आयोजन किया। इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। उन्होंने कलाकृतियों को सराहा।

असिस्टेंट प्रोफेसर आलोक कुमार ने कुलपति को प्रदर्शनी से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। महाविद्यालय के संकायाध्यक्ष एवं प्राचार्य डा. रतन कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने अपनी 100 से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित कीं, जिनमें पेंटिंग, स्कल्पचर, टेक्सटाइल, एप्लाइड आर्ट, छायाचित्र एवं इंस्टालेशन कला के नमूने शामिल रहे। विनय सिंह ने बाटिक कला में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का पोर्ट्रेट प्रदर्शित की। इससे खूब सराहा गया।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय (आर्ट्स कालेज) में छात्र-छात्राओं की ओर से सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का आयोजन किया गया। लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कलाकृतियों को सराहा ● सौजन्य लवि

शिवम सिंह का मेटल की सबसे बड़ी तितली एवं अक्षांशु की बाटिक कला में समुद्र मंथन की पेंटिंग भी प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई। इन तीनों कलाकृतियों को इंडिया बुक आफ रिकार्ड मिला है। प्रदर्शनी में छात्र-शुभम, अमित, शिवानी, प्रदीपिका, कविता, दीक्षा, हिमेश, दीपेन्द्र, सुधांशु एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी के आयोजन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डा. अनीता कनौजिया, धर्मेन्द्र कुमार, लालजीत अहीर, डा. पूनम रवि जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं की प्रस्तावित डेटशीट जारी कर दी। सबसे पहले बीए ओर बीएससी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 जून से शुरू होंगी। वहीं, बीकाम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 जून से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniexam.in पर जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं इसे देख सकते हैं। इस पर तीन दिन में कोई परामर्श या अभिमत हो तो परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। लवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में इन दिनों सम सेमेस्टर का पाठ्यक्रम तेजी से पूरा कराया जा रहा है ताकि समय से परीक्षाएं कराई जा सकें। इस दौरान विश्वविद्यालय में स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि भी तय कर दी है। अब इसी आधार पर शिक्षकों को कोर्स पूरा कराना होगा।

कोर्सवार परीक्षा तिथि

- **बीएससी छठा सेमेस्टर:** 20 जून से 22 जुलाई तक, सुबह नौ से 10.30 बजे तक।
- **बीए छठे सेमेस्टर:** 20 जून से 24 जुलाई, सुबह नौ से 10.30 बजे।
- **बीकाम छठे सेमेस्टर:** 21 जून से चार जुलाई, सुबह नौ से 10.30 बजे तक।

i-NEXT PAGE 3

स्टूडेंट्स को मिली शोध मेधा छात्रवृत्ति

LUCKNOW (29 May): लखनऊ यूनिवर्सिटी में सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 10 शोधार्थियों को सम्मानित किया. शोध मेधा के तहत उन महिला शोध छात्रों को 5000 रुपये प्रति माह की छात्रवृत्ति दी जाती है, जिन्हें किसी अन्य स्रोत से वित्तीय सहायता या छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है. कुलपति ने कहा कि छात्रवृत्ति स्टूडेंट्स के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है. इस छात्रवृति के तहत हर साल 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं.

VoL PAGE 4

लविवि में शोध मेधा छात्रवृत्ति के वितरित किये गये प्रमाण पत्र

● छात्रवृति के रूप में वित्तीय सहायता एक उत्प्रेरक की तरह करती काम: प्रो. आलोक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हाल में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सोमवार को शोध मेधा छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 10 शोधार्थियों को सम्मानित किया। शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरूआत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति की ओर से वर्ष 2021 में की गयी।

यह अपनी स्थापना के समय से ही लड़कियों के शोधार्थियों के बीच एक प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति बन गयी है। शोधमेधा के तहत उन महिला शोध छात्रों को पांच हजार रुपये प्रति माह की छात्रवृत्ति दी जाती है, जिनें किसी अन्य स्रोत से वित्तीय सहायता या छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। कुलपति ने कहा कि छात्रवृति के रूप में वित्तीय सहायता एक उत्प्रेरक की तरह काम करती है और छात्रवृत्ति के लिए चुने गए छात्रों के साथ-साथ अन्य छात्रों के बीच अपनी पढ़ाई